卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 322 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦ 27 अगस्त 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# युवा शक्ति उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत: धामी

## मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम में छात्रों ने बेबाकी से पूछे सवाल,मुख्यमंत्री ने संवाद कर समाधान का दिया भरोसा







रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बारिश के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को गंगापुर रोड स्थित जेसीज पब्लिक स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री के स्कूल पहुंचते ही विद्यार्थियों ने उनका उत्साहपूर्वक अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चों से हाथ मिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और सहज अंदाज में उनसे बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, नशे की रोकथाम समेत विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री के सामने सवाल रखे, जिनका उन्होंने तार्किक ढंग से जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मन में उठने वाले सवालों और उनकी जिज्ञासाओं का (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री धामी को देखते ही खुशी से चिल्ला उठे बच्चे



रुद्रपुर। गंगापुर रोड स्थित स्कूल में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पहुंचते ही वहां मौजूद छोटी कक्षाओं के बच्चों में उत्साह की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री जैसे ही स्कूल परिसर में पहुंचे, बच्चे उन्हें अपने बीच देखकर खुशी के मारे चिल्ला उठे। बच्चों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## ठुकराल समेत कई कांग्रेसी गिरफ्तार

### मुख्यमंत्री का विरोध करने की आशंका पर पुलिस ने की कार्यवाही



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय के दौरे पर आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जिला अस्पताल और राजकीय मेडिकल कॉलेज की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने जा रहे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई कांग्रेसियों को पुलिस ने सिटी क्लब से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और उनके समर्थक सिटी क्लब में एकत्र हुए थे। इसी दौरान वहां भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया और कांग्रेसियों को घेर लिया। पुलिस ने ठुकराल समेत कांग्रेस प्रदेश सचिव दिनेश पंत, दिनेश कोली, राम सेवक कोली, आनंद शर्मा, चुनील चुघ, सुखदेव हाल्दार हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से (शेष पृष्ठ सात पर)

## कंपनी का एमडी बनकर 3.20 करोड़ की ठगी,आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

### जनरल मैनेजर को झांसे में लिया, फर्जी भुगतान के नाम पर खातों में रकम कराई ट्रांसफर



देहरादून (उद संवाददाता)। दून में 3.20 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में एसटीएफ की साइबर टीम ने वांछित आरोपित को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि साइबर ठगों ने कंपनी के उच्चाधिकारी और प्रबंध निदेशक बनकर वाट्सएप के माध्यम से कंपनी के जनरल मैनेजर को विश्वास में लिया और परियोजना के अग्रिम भुगतान समेत अन्य आवश्यक भुगतानों के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में करोड़ों रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसी क्रम में श्याम ट्रेडिंग कंपनी के खाते में भी धनराशि भेजी गई थी। साइबर अपराध पुलिस स्टेशन देहरादून में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपितों ने कंपनी के अधिकारियों की फर्जी पहचान बनाकर जनरल (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुर्गीबाड़े में कैद हुआ गुलदार

पौड़ी गढ़वाल। जिले के मासौं तल्ला गांव में गुरुवार रात एक गुलदार मुर्गीबाड़े में घुसकर कैद हो गया। गांव में गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मुर्गीबाड़े में गुलदार के फंसे होने की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू किया। वन कर्मियों ने आसपास के क्षेत्र को भी निगरानी में लेते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। बताया गया कि गुलदार के मुर्गीबाड़े में कैद होने के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने अस्पतालों का किया निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को हल्द्वानी स्थित राजकीय सुशीला तिवारी अस्पताल और विवेकानंद अस्पताल का दौरा कर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और अस्पताल में मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। मंत्री ने मरीजों के साथ ही उनके तीमारदारों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं और उपचार को लेकर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों से उपचार के लिए हल्द्वानी आने वाले मरीजों पर ध्यान देने के निर्देश दिए। राम सिंह कैड़ा ने कहा कि पहाड़ से बड़ी उम्मीद लेकर मरीज हल्द्वानी के अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें इलाज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को उपचार के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## टेलीग्राम टास्क और अमेजन में नौकरी का झांसा देकर युवती से 28 .50 लाख ठगे

काशीपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र की एक युवती साइबर ठगों के जाल में फंसकर 28.50 लाख रुपये गंवा बैठी। जालसाजों ने टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क पूरा करने, अमेजन कंपनी में नौकरी दिलाने और भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर युवती से अलग अलग बैंक खातों और यूपीआई माध्यमों से लाखों रुपये जमा करा लिए। रकम लेने के बाद भी ठगों ने पैसे वापस नहीं किए और अब अतिरिक्त 3.20 लाख रुपये की मांग की जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार जून 2026 में उसके टेलीग्राम नंबर पर एक अज्ञात लिंक आया था। लिंक के माध्यम से दावा किया गया कि काइनबेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी की ओर से उसे अमेजन कंपनी में नौकरी दिलाई जाएगी। इसके लिए उसे ऑनलाइन टास्क पूरे करने होंगे और प्रत्येक टास्क के बदले अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिया गया। युवती जालसाजों के झांसे में आ गई और उनके बताए तरीके से टास्क में रकम लगानी शुरू कर दी। शुरुआत में ठगों ने उसका विश्वास जीतने के लिए छह हजार रुपये का टास्क दिया। युवती ने टास्क पूरा किया तो उसे मूल रकम के साथ मुनाफा वापस कर दिया गया। रकम( शेष पृष्ठ सात पर)

## बंदूक से हवाई फायरिंग करने पर गनमैन गिरफ्तार



किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली किच्छा पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग करने के आरोप में एक गनमैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी एसबीबीएल बंदूक, एक खोखा कारतूस और 12 बोर के चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 30 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात एएसओ कंपनी के सुरक्षा गार्ड गन मैन मिढई लाल पुत्र उग्र सेन निवासी ग्राम टह काशमपुर, (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिश्वत लेने के आरोप में एसआई और एएसआई निलंबित

### बाइक सवारों का चालान करने के बजाय रुपये लेने का आरोप, जांच में पुष्टि के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान रिश्वत लेने के आरोप में यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक पर गाज गिरी है। नैनीताल रोड पर बिना हेलमेट बाइक सवार युवकों को रोककर चालान करने के बजाय उनसे रुपये लेने के मामले में जांच के बाद आरोप सही पाए गए। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने उपनिरीक्षक राम सिंह और सहायक उपनिरीक्षक बलवंत सिंह को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात पुलिस के साथ अन्य पुलिसकर्मियों की भी विभिन्न स्थानों पर तैनाती की गई थी। इसी दौरान नैनीताल रोड पर उपनिरीक्षक राम सिंह और सहायक उपनिरीक्षक बलवंत सिंह ने बिना हेलमेट बाइक चला रहे कुछ युवकों को रोक लिया। आरोप है कि दोनों पुलिस कर्मियों ने बाइक सवारों से बातचीत की और यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान करने के बजाय उन्हें जाने दिया। बताया गया कि बातचीत के बाद बाइक सवार युवक ने पुलिस के बुलेट वाहन की डिग्गी में कुछ रुपये डाल दिए। इसके बाद उपनिरीक्षक राम सिंह वहां पहुंचे और बिना कोई कार्रवाई किए बुलेट लेकर वहां से चले गए। घटनाक्रम की जानकारी पुलिस अधिकारियों तक पहुंचने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। जांच पूरी होने के बाद यातायात निरीक्षक ने उपनिरीक्षक राम सिंह और सहायक उपनिरीक्षक बलवंत सिंह के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति को भेजी। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में घुसकर युवती पर जानलेवा हमला

रुद्रपुर । ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा कालोनी में गुरुवार की सुबह धारदार हथियार लेकर युवक ने एक घर में घुसकर वहां मौजूद युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर होने पर परिजनों सहित आस पड़ोस के लोग आ पहुंचे। युवक मौके से भागने लगा तो लोगों ने पीछा के उसे दबोच लिया और उसे हथियार व उसकी मोटरसाइकिल सहित कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। मामले की जानकारी देते दिलीप कुमार पुत्र श्रीपाल निवासी कृष्णा ग्रीन कॉलोनी, गंगापुर रोड ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# नेपाल की पीड़ा उत्तराखंड की पीड़ा: धामी

## भोटेकोशी नदी में भीषण बाढ़ से हुई जनहानि पर जताई संवेदना

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में आई अचानक भीषण बाढ़ से हुई जनधन की क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में हुई जनहानि और व्यापक नुकसान अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। इस कठिन समय में उत्तराखंड की जनता और राज्य सरकार की संवेदनाएं नेपाल के प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा प्रभावित लोगों के सकुशल होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देश साझा संस्कृति, परंपराओं, आस्था, सामाजिक सरोकारों और आत्मीयता से जुड़े हुए हैं। उत्तराखंड और नेपाल के बीच सदियों पुराने रोटी बेटी के संबंध रहे हैं। दोनों क्षेत्रों के लोगों के बीच पारिवारिक रिश्तों के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी निरंतर मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र का नेपाल के साथ विशेष और आत्मीय संबंध है। पिथौरागढ़ और चंपावत सहित सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के नेपाल के साथ



ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। ऐसे में नेपाल में आई आपदा का दुख उत्तराखंड के लोगों के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य के संकट में होने जैसा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल की पीड़ा उत्तराखंड की पीड़ा है और संकट की इस घड़ी में उत्तराखंड की जनता अपने नेपाली भाई बहनों के साथ पूरी संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ खड़ी है। उन्होंने आपदा के दौरान राहत और बचाव कार्यों में जुटे सुरक्षाकर्मियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियां दोनों देशों को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नेपाल सरकार और वहां के प्रशासन के नेतृत्व में राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएंगे और प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की समस्त जनता की ओर से नेपाल के शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने प्रभावित लोगों के शीघ्र सुरक्षित होने, घायलों के जल्द स्वस्थ होने तथा नेपाल में सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की कामना की।

# सीएम धामी ने 31 करोड़ की विकास योजनाओं को दी मंजूरी

## ऋषिकेश, गंगोलीहाट और खटीमा में सड़क व पुल निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति, एसडीआरएफ के 108 कार्मिकों को पांच लाख रुपये पुरस्कार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए करीब 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत देहरादून, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर और चंपावत में पुल, सड़क एवं मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही महाकुंभ मेला 2025 के सफल संचालन में योगदान देने वाले एसडीआरएफ के 108 कार्मिकों को पुरस्कार स्वरूप पांच लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने देहरादून जिले के ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सभा भट्टोवाला के वार्ड नंबर तीन में बंगला नाला के ऊपर 30 मीटर स्पान पीएससी गर्डर पुल के निर्माण के लिए 3.16 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। वहीं पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंडाक, बांस, आंवलाघाट, गंगोलीहाट मोटर मार्ग पर रामगंगा नदी में 60 मीटर स्पान और 1.50 मीटर लेन वाले स्टील गर्डर मोटर सेतु के निर्माण के लिए 15.30 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है। राज्य योजना के तहत ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा विधानसभा क्षेत्र में मेलाघाट मुख्य मार्ग से बग्घा कालोनी होते हुए मयूर विहार सेक्टर दो और तीन, वार्ड नंबर नौ तक के मार्ग का इंटरलॉकिंग टाइल्स से पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 3.05 करोड़ रुपये की योजना को मुख्यमंत्री ने अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने चंपावत जिले के देवीपुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देचमार, तहसील पाटी में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण के लिए 9.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही पेयजल निगम को इस कार्य के लिए कार्यदायी संस्था नामित किए जाने का भी अनुमोदन किया गया है। मुख्यमंत्री ने छठे केंद्रीय वेतनमान के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे सार्वजनिक निकायों और उपक्रमों के सिविल एवं पारिवारिक पेंशनरों को मिलने वाली महंगाई राहत की मौजूदा दर बढ़ाने का भी अनुमोदन किया है। इसके तहत एक जनवरी 2025 से महंगाई राहत की दर 252 प्रतिशत, एक जुलाई 2025 से 257 प्रतिशत और एक जनवरी 2026 से 262 प्रतिशत प्रतिमाह किए जाने को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ मेला 2025 के सकुशल संचालन में योगदान देने वाले एसडीआरएफ के 108 कार्मिकों को पुरस्कार स्वरूप पांच लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर उनके योगदान को प्रोत्साहित किया है।

# धामी ने पांच साल की उपलब्धियों पर गीत का विमोचन किया

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पंचवटी फिल्म्स प्रोडक्शन एवं आदर्श औद्योगिक स्वायत्त सहकारिता संस्था की ओर से उनके पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित विशेष एल्बम गीत का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एल्बम से जुड़े निर्माता निर्देशक, गीतकार, संगीतकार, गायक और अन्य कलाकारों के साथ आदर्श संस्था के पदाधिकारियों को इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की विकास यात्रा और राज्य में हो रहे सकारात्मक बदलावों को गीत संगीत के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गीत और संगीत लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं और इनके जरिए प्रदेश के विकास तथा उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के




समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने, पर्यटन को प्रोत्साहित करने, महिलाओं को सशक्त बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और देवभूमि की विशिष्ट पहचान के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ विकास कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में आदर्श संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी ने मुख्यमंत्री को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में हुए विकास कार्यों तथा जनहित में लिए गए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णयों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एल्बम के निर्माता उत्तम सिंह भंडारी, गायक विक्रम भंडारी एवं शिवानी नेगी, संगीतकार विजयपाल कलूड़ा सहित एल्बम से जुड़े कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा कोठारी ने की तथा संचालन संस्था के सचिव हरीश कोठारी ने किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा पछवादून के जिलाध्यक्ष विनायक नौटियाल, प्रदीप दुग्गल, विजय असवाल, शोभित उनियाल, गिरीश भट्ट, लक्ष्मी नारायण नवानी, आदित्य नौटियाल, सहदेव सिंह बिष्ट, सपना जवाड़ी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नेपाल में बाढ़ को लेकर चम्पावत प्रशासन अलर्ट

चम्पावत (उद संवाददाता)। नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में अचानक आई भीषण बाढ़ के बाद उत्पन्न स्थिति को देखते हुए चम्पावत जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। उत्तराखंड सरकार और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। नेपाल के प्रभावित क्षेत्र में यदि उत्तराखंड का कोई नागरिक फंसा है अथवा किसी व्यक्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त करनी है तो सहायता के लिए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि नेपाल के प्रभावित क्षेत्र में फंसे किसी उत्तराखंड निवासी या परिचित के संबंध में जानकारी होने पर तत्काल अधिकृत हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यक्ति का नाम, मोबाइल नंबर, नेपाल में संभावित स्थान और उपलब्ध अन्य जानकारी साझा करने से त्वरित समन्वय कर सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 0135 2710334, 0135 2710335, 0135 2664314, 0135 2664315, 0135 2664316 और 8218867005 हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1070 पर भी संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा आपदा संबंधी सूचना केवल अधिकृत माध्यमों से साझा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय बनाए हुए है। किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर है।

# खेलने निकला आठ वर्षीय यश लापता

नानकमत्ता। घर से खेलने निकला बच्चा अचानक लापता हो गया। परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सुनखरी गांव निवासी गणेश चंद का पुत्र यश चंद उम्र 13 वर्ष मंगलवार शाम घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक घर वापस नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के बाद भी बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों के मुताबिक यश को तलाशने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चे के लापता होने से परिजन परेशान हैं और उन्होंने लोगों से भी तलाश में सहयोग करने की अपील की है।



# अडाणी से बिजली खरीद पर आर्य ने सरकार से हिसाब मांगा



हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उत्तराखंड सरकार द्वारा अडाणी पावर से 25 वर्षों के लिए 1,320 मेगावाट बिजली खरीदने के कैबिनेट फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। इसके बावजूद राज्य को लंबे समय के लिए निजी कंपनी से कोयला आधारित बिजली खरीदने की जरूरत क्यों पड़ रही है सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। आर्य ने कहा कि अडाणी पावर से 5.746 रुपये प्रति यूनिट की दर से 25 वर्षों तक बिजली खरीदने का फैसला किन परिस्थितियों में लिया गया सरकार यह स्पष्ट करे। उन्होंने समझौते की पूरी वित्तीय जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार को बताना चाहिए कि 25 वर्षों में इस करार पर कुल कितना खर्च आएगा और तय दर में कौन–कौन से शुल्क व अन्य वित्तीय समायोजन शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष ने भविष्य में बिजली की दर बढ़ने या राज्य पर किसी अतिरिक्त वित्तीय भार की संभावना को लेकर भी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह केवल सामान्य प्रशासनिक निर्णय नहीं है बल्कि लंबे समय तक राज्य के वित्त पर असर डालने वाला फैसला है। ऐसे में करार की शर्तों और उससे राज्य पर पड़ने वाले संभावित वित्तीय भार की जानकारी जनता के सामने रखी जानी चाहिए।

# लोक संस्कृति को देश दुनिया तक पहुंचाएगी बाला गौरिया

## मुख्यमंत्री ने फिल्म के टीजर और पोस्टर का किया लोकार्पण, उत्तराखंड को फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने पर जोर

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं लोक आख्यानों पर आधारित फिल्म बाला गौरिया के टीजर और पोस्टर का लोकार्पण किया। हिमाद्रि प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित की जा रही यह फिल्म उत्तराखंड के लोक में न्याय देवता के रूप में प्रतिष्ठित गोलज्यू के बाल जीवन पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन नितिन तिवारी तथा निर्माण मनोज चंदोला कर रहे हैं। फिल्म के अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में प्रदर्शित होने की संभावना है। फिल्म के टीजर और पोस्टर के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति, लोक परंपराएं, लोकगाथाएं और लोक देवताओं की समृद्ध विरासत प्रदेश की विशिष्ट पहचान हैं। बाला गौरिया जैसी फिल्में न केवल नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का काम करेंगी, बल्कि देश और दुनिया के सामने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड में फिल्म निर्माण और फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध लोक संस्कृति और विविध भौगोलिक परिस्थितियां इसे फिल्म निर्माण के लिए विशिष्ट बनाती हैं।




सरकार का प्रयास है कि देश और विदेश के फिल्म निर्माताओं को उत्तराखंड में शूटिंग के लिए बेहतर वातावरण, आवश्यक सुविधाएं और अनुकूल व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन नीति में फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही फिल्म शूटिंग के लिए प्रोत्साहन और त्वरित अनुमति व्यवस्था विकसित करने के प्रावधान किए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर फिल्म सिटी विकसित करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। उत्तराखंड को फिल्म शूटिंग के लिए पसंदीदा स्थान बनाने के साथ स्थानीय युवाओं को फिल्म निर्माण से जुड़े रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म निर्माण को बढ़ावा मिलने से प्रदेश की आर्थिकी को गति मिलने के साथ उत्तराखंड की कला, संस्कृति, बोली भाषा, लोक परंपराओं और पर्यटन स्थलों को भी देश दुनिया में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोक देवताओं और लोक आख्यानों में सदियों पुरानी सांस्कृतिक चेतना, परंपराएं और जीवन मूल्य समाहित हैं। इनका संरक्षण करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने फिल्म निर्माताओं से उत्तराखंड की अन्य लोकगाथाओं, लोक देवताओं और सांस्कृतिक परंपराओं पर भी फिल्म निर्माण के लिए आगे आने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोक संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए फिल्म निर्माताओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। बाला गौरिया जैसी फिल्मों के माध्यम से उत्तराखंड की लोक थातियों को व्यापक मंच मिलने के साथ ही प्रदेश के पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता मनोज चंदोला सहित फिल्म से जुड़े कलाकार और टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर निगम ने कसी कमर

## महापौर ने मंदिरों के आसपास विशेष सफाई और प्रकाश व्यवस्था के दिये निर्देश

रुद्रपुर। आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं अन्य निकटवर्ती त्योहारों को देखते हुए रुद्रपुर नगर निगम ने शहर के प्रमुख मंदिरों, पूजा स्थलों तथा उनके आसपास के मार्गों पर विशेष सफाई और



प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी शुरू कर दी है। महापौर विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों एवं पूजा स्थलों के आसपास प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। धार्मिक स्थलों के निकट अतिरिक्त कूड़ेदान रखे जाएंगे और कूड़ा उठाने वाले वाहनों की आवाजाही भी बढ़ाई जाएगी, ताकि मंदिरों और उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही चूना, ब्लीचिंग पाउडर एवं सैनिटाइजेशन का छिड़काव भी समय से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिरों तक जाने वाले प्रमुख मार्गों और मंदिर परिसरों के आसपास सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम की टीमों को नियमित रूप से क्षेत्रों का निरीक्षण करने तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। महापौर ने बताया कि स्वच्छता के साथ-साथ त्योहारों के दौरान प्रकाश व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम के विद्युत अनुभाग को मंदिरों तक जाने वाले प्रमुख मार्गों और मंदिर परिसरों के आसपास लगी स्ट्रीट लाइटों का तत्काल निरीक्षण कर खराब लाइटों को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर त्योहारों के दौरान निर्बाध प्रकाश व्यवस्था के लिए अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व शहरवासियों के लिए आस्था और उत्साह का अवसर हैं। नगर निगम का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और रोशन वातावरण उपलब्ध हो तथा उन्हें मंदिरों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शहर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए नगर निगम की टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की कि धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। पूजा एवं धार्मिक आयोजनों के बाद कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और सार्वजनिक स्थलों को गंदा न करें। सामूहिक सहयोग से ही त्योहारों के दौरान शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखा जा सकता है। नगर निगम की ओर से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों के तहत स्वास्थ्य अनुभाग को प्रमुख मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान, अतिरिक्त कूड़ेदान एवं कूड़ा उठान की व्यवस्था तथा चूना, ब्लीचिंग पाउडर और सैनिटाइजेशन का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं विद्युत अनुभाग को प्रमुख मार्गों एवं मंदिर परिसरों की स्ट्रीट लाइटों का निरीक्षण कर खराब लाइटों को दुरुस्त करने तथा आवश्यकता के अनुसार अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था करने को कहा गया है। महापौर ने कहा कि रुद्रपुर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है और त्योहारों के दौरान इस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# प्रतापपुर में शीतकालीन नई गन्ना किस्म की बुवाई का हुआ शुभारंभ

नानकमत्ता । जे.जी.एन. शुगर एंड बायोफ्यूल्स लिमिटेड की ओर से ग्राम प्रतापपुर में शीतकालीन गन्ने की बुवाई का शुभारंभ किया गया। कृषक हरजीत सिंह के खेत में नई गन्ना प्रजाति सीओ-20016 की बुवाई कराई गई। मिल के प्रबंध निदेशक आदित्य झांझी ने बताया कि चीनी मिल किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। किसानों को नई उन्नतशील गन्ना प्रजातियों एवं आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी और उपलब्धता कराई जा रही है। साथ ही समय-समय पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से गन्ने में लगने वाले रोगों एवं कीटों की पहचान और उनके निदान के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



मिल क्षेत्र में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गन्ने के क्षेत्रफल में करीब 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि चीनी मिल की पेराई क्षमता के अनुरूप अभी गन्ना क्षेत्रफल कम है। गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ नदी की सफाई का कार्य भी कराया गया है, जिससे गन्ने की फसल में जलभराव की समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर मिल के प्रबंध निदेशक आदित्य झांझी, वरिष्ठ महाप्रबंधक रविंद्र सिंह ग्रेवाल, वरिष्ठ महाप्रबंधक के.बी. शर्मा, गन्ना प्रबंधक आलोक त्रिपाठी, गन्ना सुपरवाइजर मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# आरएसजीयू टैलेंट हंट के प्रतिभागी छात्र सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में आरएसजीयू टैलेंट हंट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रात:कालीन सभा में प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के हुनर, आत्मविश्वास और लगन की सराहना करते हुए



उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश चंद्र ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं तोरुनिमा मंडल और प्रतीक्षा देवी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों छात्राओं को प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और निरंतर लगन से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने दोनों प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य और आगामी गतिविधियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# हिंदू नाम बताकर दूध में थूक मिलाने के आरोप

## लोगों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक को पकड़ा,हंगामा

रुद्रपुर। रविंद्र नगर क्षेत्र में दूध में थूक मिलाकर बेचने के आरोप को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों ने एक दूध विक्रेता पर दूध के बर्तन में थूक मिलाने का आरोप लगाते हुए उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए चौकी ले गई। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे स्थानीय निवासी अमित वर्मा ने एक दूध विक्रेता को दूध के बर्तन के पास कुछ करते देखा। इसके बाद आसपास के लोगों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में युवक बाइक के पास रखे दूध के बर्तन के नजदीक झुककर कुछ करता दिखाई दे रहा है। हालांकि फुटेज से यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि युवक वास्तव में दूध में थूक मिला रहा था या बर्तन में रखे दूध को सूंघ रहा था। इसी बीच दूध खरीदने वाली एक महिला ने दावा किया कि उसने युवक को अपनी आंखों से दूध के बर्तन में थूकते देखा है। आरोप लगते ही





क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और हंगामा शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। मामले में विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता जोगिंदर सिंह ने आवास विकास पुलिस चौकी में तहरीर देकर पूरे प्रकरण की जांच और आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का आरोप है कि युवक अपना नाम प्रेम बताकर दूध बेचता था। वहीं उसकी बाइक से मिले दस्तावेजों में वह बिलासपुर निवासी दूसरे समुदाय का बताया जा रहा है। मामले को लेकर कुछ लोगों ने इसे 'थूक जिहाद' का मामला बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस जांच में अभी तक दूध में थूक मिलाने के आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मौके पर मौजूद लोगों के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# भगवान स्वयं जिसका स्मरण करें, वही श्रेष्ठ भक्त: विजय शास्त्री

## श्रीमद्भागवत कथा के 29वें दिवस भक्त और भगवान के संबंध की महिमा का किया वर्णन

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 29वें दिवस कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने भक्त और भगवान के संबंध की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीव द्वारा ईश्वर का स्मरण करना सामान्य भक्ति है, किंतु जिस जीव का स्वयं भगवान स्मरण करें, वही असाधारण और श्रेष्ठ भक्त कहलाता है। पंडित विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को भक्ति इस भाव से करनी चाहिए कि स्वयं भगवान भी उसका स्मरण करें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और ब्रजवासियों के प्रेम का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ब्रजवासियों को बार बार स्मरण कर भाव विभोर हो जाते थे। इससे स्पष्ट होता है कि सच्ची, निष्काम और समर्पित भक्ति भगवान के हृदय में भी भक्त के लिए विशेष स्थान बना देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सच्चे मन, श्रद्धा और निष्काम भाव से ईश्वर की भक्ति करने का आह्वान किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान का स्मरण करते हुए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। मंदिर परिसर पूरे समय भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। इस अवसर पर प्रसाद सेवा रामनारायण गुप्ता एवं रश्मि गुप्ता के परिवार, जगदीश चुग एवं विमला चुग के परिवार तथा सुशील सक्सेना एवं गीता सक्सेना के परिवार द्वारा की गई। इन परिवारों ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।



# वित्तीय साक्षरता से ही आर्थिक रूप से सशक्त समाज का निर्माण : प्रो.रावत

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता अभियान का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डी.एस. रावत तथा विशिष्ट अतिथि परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी' भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रितिशा शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि प्रो. डी.एस. रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में निरंतर परिश्रम, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रेरक पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहाख्र षगिरना भी अच्छा है, औकात का पता चलता है;




बढ़ते हैं जब हाथ उठाने को, अपनों का पता चलता है।" उन्होंने कहा कि जीवन में गिरना और असफल होना भी सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यदि विद्यार्थी अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए दिन-रात मेहनत करते हुए निरंतर प्रयासरत रहेंगे, तो वे जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम को प्रो. नीता बोरा शर्मा, डॉ. प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी' ने भी संबोधित किया। कुलपति प्रो. डी.एस. रावत द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभाग द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने सभी अतिथियों, प्रायोजक, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो. लज्जा भट्ट, डॉ. अनीता पंडित, डॉ. स्पर्श भट्ट, डॉ. अशोक उप्रेती, एलडी उपाध्याय, भूपाल करायत, डॉ. ममता जोशी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. तेज प्रकाश चंद्र, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. मेराज, डॉ. ताबिश, अमनदीप कौर, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालिवाल, बिशन चंद्र एवं राधा उपस्थित रहे।

# लोगों को सही मार्ग पर चलना सिखाया हजरत मोहम्मद ने: मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि हजरत मोहम्मद ने उस समय जन्म लिया जब इंसानियत नाम की कोई चीज नहीं थी। तब उन्होंने लोगों को अल्लाहताला (ईश्वर) के बारे में बताया और उस वकघ्त की तमाम बुरी आदतों व बातों से लोगों को रोकने के साथ-साथ उन्हें समझा कर सही रास्ते पर भी चलाया। उनका कहना था कि अगर आपका पड़ोसी या मोहल्ले वाला भूखा या परेशान है चाहे वो किसी भी धर्म जाति का हो हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई दलित पिछड़ा



कोई भी हो पहले उसका पेट भरना चाहिए और उसकी परेशानी दूर करनी चाहिए। जुलूस के दौरान मतीन सिद्दीकघी ने अपने प्रतिष्ठान पर लोगों को जूस, नमकीन, बिस्कुट, पानी आदि वितरण किया। इस दौरान जावेद सिद्दीकी, उमैर मतीन, जुबैर सिद्दीकघी, हस्सान सिद्दीकघी, शकील अंसारी, अरमान खघन, रेहान मलिक, विक्की खघन, अथर खान, राजा खघन, शादाब रॉयल, अनस सिद्दीकघी, आसिम अली, सरताज अंसारी, आलम अंसारी, नूरी उस्ताद, नाजिम खघन, फैज खघन, गाजी खघन आदि मौजूद रहे।

# प्रदेशभर की बहनों ने धामी को बांधा रक्षा सूत्र

## मुख्यमंत्री ने बहनों का जताया आभार, कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता







देहरादून (उद संवाददाता)। रक्षा बंधन के अवसर पर बुधवार को प्रदेशभर से आई बहनों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में रक्षा सूत्र बांधा और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने बहनों का आत्मीयता से स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और सभी प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन भाई बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का पावन पर्व है। प्रदेश की मातृशक्ति और बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद उन्हें उत्तराखंड की सेवा और राज्य के विकास के लिए निरंतर नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति परिवार की मजबूत आधारशिला होने के साथ ही समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण और स्वावलंबन के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य सरकार की सेवाओं में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ उनके आर्थिक सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखपति दीदी की परिकल्पना को उत्तराखंड में तेजी से धरातल पर उतारा गया है। प्रदेश में अब तक तीन लाख नौ हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं स्थानीय उत्पादों, कृषि, हस्तशिल्प और विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से अपनी आजीविका मजबूत करने के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना, मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तीकरण योजना और मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उनकी आय बढ़ाने के लिए भी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति ने राज्य निर्माण से लेकर प्रदेश के विकास तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, कृषि, स्वरोजगार, उद्यमिता और सामाजिक क्षेत्र सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही सशक्त उत्तराखंड और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर गीता पुष्कर धामी, विधायक सविता कपूर, आशा नौटियाल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुचि भट्ट सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आई मातृशक्ति मौजूद रही।

# गदरपुर विधानसभा चुनाव का समीकरण बदलने के संकेत

## विजय थलापति के प्रचार में आने की चर्चा, तमिलनाडु के मंत्री से मिलने का पोस्ट डालने के बाद हरिदास मंडल ने मीडिया को दी जानकारी

गदरपुर/दिनेशपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं।इसी बीच बंगाली समाज के युवा चेहरे हरिदास मंडल की तमिलनाडु की राजनीति में सक्रिय संगठन से मुलाकात ने क्षेत्र की सियासत में नई चर्चा छेड़ दी है। बंगाली समाज के युवा चेहरा हरिदास मंडल भी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाते नजर आ रहे हैं। मंडल ने चेन्नई में अभिनेता से नेता बने विजय थलापति की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के जनरल सेक्रेटरी एवं तमिलनाडु सरकार में गृह एवं राजस्व मंत्री एन. आनंद से उनके आवास पर मुलाकात की। बताया गया कि इस दौरान युवाओं की राजनीति में भूमिका और भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं को लेकर चर्चा हुई।हरिदास मंडल द्वारा सोशल मीडिया पर मुलाकात की तस्वीर और जानकारी साझा किए जाने के बाद गदरपुर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।



समर्थकों और राजनीतिक जानकारों के बीच इस मुलाकात को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, अभी तक हरिदास मंडल को टीवीके की ओर से गदरपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।इधर, राजनीतिक गलियारों में यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि टीवीके हरिदास मंडल को गदरपुर से प्रत्याशी बनाती है तो पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख चेहरों की क्षेत्र में सक्रियता बढ़ सकती है। इसी क्रम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं अभिनेता विजय थलापति के गदरपुर में चुनाव प्रचार के लिए आने की चर्चाएं भी सोशल मीडिया पर जोर पकड़ रही हैं।हालांकि इन चर्चाओं की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके यदि टीवीके यहां चुनाव मैदान में उतरती है तो इसका सीधा असर क्षेत्र के मौजूदा राजनीतिक समीकरणों पर पड़ सकता है। गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में बंगाली समाज की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए हरिदास मंडल की सक्रियता ने चुनावी मुकाबले को लेकर संभावित नए समीकरणों की चर्चा को और तेज कर दिया है।हरिदास मंडल की सक्रियता ने चुनावी चर्चाओं को नया मोड़ दे दिया है।हरिदास मंडल पिछले कुछ समय से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों के जरिए अपनी पहचान बनाने में जुटे हैं। समर्थकों का दावा है कि युवाओं के बीच उनकी पकड़ लगातार मजबूत हो रही है। इसी को देखते हुए उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में गदरपुर सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है।इसी सिलसिले में हरिदास मंडल तमिलनाडु पहुंचे और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय थलापति की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मंत्री से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि मुलाकात के दौरान उन्होंने गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। मंडल के अनुसार, मुलाकात के दौरान उन्हें सकारात्मक संकेत और मार्गदर्शन मिला है।हरिदास मंडल ने इस मुलाकात की जानकारी मीडिया को दी है। इसके बाद से गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सोशल मीडिया पर भी उनकी तमिलनाडु यात्रा और पार्टी नेताओं से मुलाकात को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# मुख्यमंत्री ने पत्रकार असद जावेद का जाना हाल

खटीमा। वरिष्ठ पत्रकार असद जावेद के खराब स्वास्थ्य और कुछ दिन पूर्व उनके माता-पिता के निधन की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं फोन कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने पत्रकार असद जावेद से आत्मीयता से बातचीत करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और इलाज में हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। साथ ही माता-पिता के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया।सुबह असद जावेद के एक मित्र ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और हाल ही में उनके माता-पिता के निधन पर शोक संवेदना दी। साथ ही उन्होंने असद के खराब स्वास्थ्य और उनके माता-पिता के निधन की जानकारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक पहुंचाई। इसके कुछ ही समय बाद मुख्यमंत्री ने स्वयं फोन कर असद जावेद से बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने बातचीत के दौरान न केवल उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और इलाज में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। माता-पिता के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने असद जावेद को इस मुश्किल घड़ी में हिम्मत बनाए रखने के लिए कहा। असद जावेद ने मुख्यमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन के सबसे कठिन दौर में जब व्यक्ति मानसिक और भावनात्मक रूप से टूट जाता है, ऐसे समय में किसी का संवेदना के साथ हाथ थामना और ढांढस बंधाना बहुत बड़ा संबल होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह स्नेह उनके लिए केवल शब्द नहीं, बल्कि कठिन समय में मिला एक अमूल्य संबल है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का तहेदिल से धन्यवाद व्यक्त किया।



# पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की मांगे उठेंगी विधानसभा सत्र में: सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सुमित हृदयेश से उनके आवास पर मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विभिन्न विषयों को विधायक के समक्ष रखते हुए सरकार से आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मानकीकरण अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों को लेकर अपनी आपत्तियां व्यक्त करते हुए इसे वापस लेने अथवा पेंशनभोगियों के हित में आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि समान परिस्थितियों में सेवाएं देने वाले पेंशनभोगियों के बीच किसी भी प्रकार की असमानता उत्पन्न नहीं होनी चाहिए तथा समान पेंशन के सिद्धांत की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके साथ ही पारिवारिक उपभोग इकाई में आवश्यक संशोधन करते हुए पत्नी को पुरुष सदस्य के समान 1.0 उपभोग इकाई प्रदान करने, आश्रित माता-पिता को पारिवारिक उपभोग इकाई में शामिल करने तथा कुल इकाइयों की सीमा बढ़ाने की मांग भी रखी गई। वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती आयु के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी खर्चों में होने वाली वृद्धि को देखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए पृथक महंगाई राहत सूचकांक निर्धारित किए जाने की मांग की। इसके अतिरिक्त 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन प्रदान किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत 65 वर्ष की आयु पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत तथा 75 वर्ष की आयु पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिए जाने की मांग रखी गई।प्रतिनिधिमंडल ने कम्यूटेड पेंशन की वसूली अवधि को वर्तमान 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष किए जाने की मांग भी विधायक के समक्ष रखी। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार वास्तविक वसूली अवधि लगभग 10 वर्ष 8 माह में पूरी हो जाने के बावजूद वर्तमान व्यवस्था में 15 वर्ष तक वसूली की जाती है, इसलिए इस अवधि की पुनर्समीक्षा आवश्यक है। इसके अलावा सभी पेंशनभोगियों के लिए समान एवं कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाएं, ओपीडी एवं आईपीडी सेवाओं में समानता तथा वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं में प्राथमिकता दिए जाने की मांग भी रखी गई।विधायक सुमित हृदयेश ने प्रतिनिधिमंडल की सभी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा कि पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश एवं समाज की सेवा में समर्पित किया है। ऐसे में उनके सम्मान, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आर्थिक हितों से जुड़े विषयों की अनदेखी नहीं की जा सकती।विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों को आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा सरकार का ध्यान इन मांगों की ओर आकर्षित करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रभावी पैरवी की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को न्यायसंगत सुविधाएं और उनका उचित अधिकार प्राप्त हो तथा उनकी समस्याओं का सकारात्मक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।इस दौरान ईपीसीजोशी, लीलाधर पांडेय, विजय तिवारी, वीर सिंह बिष्ट, जेसी पन्तौला, वीएस गैडा, एससी० पंत, जेएस कन्याल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# प्रदेश प्रवक्ता बनने पर राजेश शुक्ला का भव्य स्वागत

## जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन





रुद्रपुर। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश टीम में प्रवक्ता बनाये जाने पर जिला भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ला का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पार्टी के नेताओं ने कहा कि राजेश शुक्ला के संगठनात्मक अनुभव और राजनीतिक सक्रियता का लाभ पार्टी को प्रदेश स्तर पर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने राजेश शुक्ला को प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व देकर उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण पर विश्वास जताया है। किच्छा क्षेत्र से विधायक के रूप में उन्होंने लंबे समय तक जनता के बीच रहकर कार्य किया और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया। अब प्रदेश प्रवक्ता के रूप में वह पार्टी की नीतियों, केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से जनता और मीडिया के सामने रखने की भूमिका निभाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने राजेश शुक्ला को प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि वह जमीन से जुड़े हुए और पार्टी के समर्पित सिपाही हैं। संगठन को मजबूत करने में उन्होंने लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ है और पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से रखने की क्षमता भी उनमें है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रवक्ता के रूप में राजेश शुक्ला संगठन की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। उनके अनुभव का लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा और प्रदेश स्तर पर संगठन का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने में यह नई जिम्मेदारी महत्वपूर्ण साबित होगी। महापौर विकास शर्मा ने राजेश शुक्ला को प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे ऊधमसिंह नगर भाजपा परिवार के लिए गौरव का विषय है। राजेश शुक्ला ने लंबे समय तक संगठन और जनता के बीच सक्रिय रहकर अपनी कार्यशैली की पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण है। मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों, सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों और संगठन के विचारों को जनता तक पहुंचाने में प्रवक्ता की अहम भूमिका होती है। उन्हें विश्वास है कि राजेश शुक्ला अपने अनुभव और प्रभावी संवाद क्षमता के माध्यम से इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह बढ़ा है और पार्टी संगठन को प्रदेश स्तर पर इसका लाभ मिलेगा। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ला ने स्वागत और सम्मान के लिए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन ने उन्हें जो नई जिम्मेदारी सौंपी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व दिया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और विचारधारा पर आधारित संगठन है। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में पार्टी की नीतियों और विचारों को मजबूती से जनता तक पहुंचाना तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और मार्गदर्शन से संगठन को और मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल चौहान, मीना शर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, योगेश वर्मा, जीतेन्द्र गौतम, मण्डल अध्यक्ष मयंक तिवारी, पिंकी डिमरी, गोल्डी गोरिया, मोहन तिवारी, डीएन यादव, विजय तोमर, विपिन सिंह गेहलोत, के के त्रिपाठी, रचित सिंह, सुनील सिंहआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक शिव ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

## जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर और मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की मांग



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने देहरादून में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर रुद्रपुर की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती और रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026 27 से एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थानों की ओर रेफर करना पड़ रहा है। कई गंभीर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने पर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी जाना पड़ता है। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट सहित अन्य आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय ऊधमसिंह नगर के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में शामिल है और यहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता होने से मरीजों को जिला मुख्यालय पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा और अनावश्यक रेफरल में कमी आएगी। विधायक ने रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026 27 से एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की टीम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर चुकी है और कुछ आवश्यक संकाय तथा मूलभूत संसाधनों से संबंधित कमियां चिन्हित की गई हैं। उन्होंने इन कमियों को शीघ्र दूर कर निर्धारित मानकों को पूरा कराने की मांग की, ताकि इसी सत्र से एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हो सके। शिव अरोरा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज शुरू होने से ऊधमसिंह नगर सहित आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय युवाओं को अपने क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मेडिकल कॉलेज के पूर्ण रूप से संचालित होने से जिला अस्पताल समेत क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को भी लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने दोनों मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्धारित मानकों को पूरा कराने के लिए वह स्वयं स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और इसी वर्ष कॉलेज शुरू कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं और जल्द तैनाती सुनिश्चित कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करना तत्काल आवश्यकता है, जबकि मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कक्षाएं शुरू होना रुद्रपुर के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

# पुलिस ने मोबाइल स्वामियों को लौटाये गुम हुए मोबाइल

गदरपुर( उद संवाददाता)। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपते हुए उनके चेहरों पर मुस्कान लौटाई है। पुलिस ने 04 आईफोन समेत कुल 32 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 15 हजार रुपये बताई गई है। बुधवार, 26 अगस्त को पुलिस ने बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामियों/आवेदकों को सुपुर्द किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर के निर्देश पर गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए CEIR पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई की जा रही थी। कोतवाली पुलिस ने थाना



क्षेत्र से विभिन्न तिथियों में गुम हुए मोबाइल फोन का विवरण ब्म्प्त पोर्टल पर अपलोड कर लगातार निगरानी रखी। इसी कार्रवाई के दौरान अलग-अलग कंपनियों के 32 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता मिली। बरामद मोबाइल में आईफोन 13 प्रो, आईफोन 17 प्रो, आईफोन 12 प्रो सहित सैमसंग, ओप्पो, वीवो, आईक्यूओओ, पोको, वनप्लस, रेडमी व अन्य कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। पुलिस द्वारा बरामद किए गए मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। पुलिस के अनुसार ब्म्प्त पोर्टल की मदद से गुम अथवा खोए मोबाइल फोन को ट्रैक कर उन्हें बरामद करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इस अभियान से मोबाइल फोन खोने वाले लोगों को राहत मिल रही है। पुलिस टीम में कोतवाल भूपेन्द्र सिंह बृजवाल, हेड कांस्टेबल हरीश वर्मा, कांस्टेबल सआदत अली, लक्ष्मण कुमार, रविन्द्र बिष्ट, महिला कांस्टेबल जानकी बुढ़लाकोटी तथा महिला कांस्टेबल ललिता कोरंगा शामिल रहे।

# भारत विकास परिषद की भारत को जानो ज्ञान प्रतियोगिता 31को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा भारत को जानो अखिल भारतीय लिखित परीक्षा 2026 की जानकारी देते हुए प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद एक गैर राजनीतिक समाज सेवी संगठन है जो भारतीय संस्कृति और संस्कारों की रक्षा व पूर्व स्थापना के लिए संकल्पित है। इसी क्रम में भारत विकास परिषद नई दिल्ली द्वारा एक सामान्य ज्ञान



प्रतियोगिता पूरे भारतवर्ष में 31 अगस्त 2026 को सभी स्कूलों के 6 से 12 तक के छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है। प्रांतीय संयोजक संस्कार भवानी शंकर नीरज ने बताया कि भारत को जानो केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति महापुरुषों और राष्ट्रीय चेतना से नई पीढ़ी को जोड़ने का एक राष्ट्रीय अभियान है। प्रतियोगिता के केवल दो चरण हैं। प्रथम चरण में अखिल भारतीय लिखित परीक्षा होगी और द्वितीय चरण में मौखिक प्रश्न मंच होगा जो क्रमशः शाखा स्तर, प्रांत स्तर, क्षेत्रीय स्तर और राष्ट्रीय स्तर में होगा। शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी ने बताया कि हल्द्वानी शाखा के अंतर्गत 42 स्कूलों के 5600 से अधिक बच्चे 31 अगस्त को प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से सचिव डॉ निधि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ अभिषेक मित्तल, भारत को जानो संयोजिका डॉ मोनिका मित्तल, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, विपुल अग्रवाल उपस्थित रहे।

# बस से दस लाख का अवैध लीसा बरामद,चार गिरफ्तार



बाजपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के दौरान बाजपुर पुलिस ने अवैध लीसा तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए पर्यटक बस से भारी मात्रा में लीसा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 348 कनस्तर अवैध लीसा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। तस्करी में प्रयुक्त पर्यटक बस को भी सीज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार त्योहारों के दृष्टिगत जिलेभर में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली बाजपुर की सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस छोई मोड़ पर जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पर्यटक बस संख्या यूके 12 पीबी 0381 को रोककर तलाशी ली। बस के भीतर चालक मनोज सिंह के अलावा भवान सिंह, हेमचंद्र महतोलिया और पान सिंह मौजूद मिले। पुलिस के अनुसार बस की सभी सीटें उखाड़ी गई थीं और फर्श पर काली पन्नी बिछाई गई थी। पन्नी हटाकर जांच करने पर नीचे भारी मात्रा में लीसे के कनस्तर मिले। बस की डिग्गी की तलाशी लेने पर वहां भी लीसा बरामद हुआ। पुलिस ने बस से कुल 348 कनस्तर अवैध लीसा बरामद किया। बरामद लीसे की अनुमानित कीमत 10 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ में चारों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि इस कार्य में मनोज रावत और पप्पू पाठक भी उनके साथ साझेदार हैं। पुलिस के अनुसार बरामद लीसा मनोज रावत का बताया गया, जिसे द्वाराहाट, अल्मोड़ा से बस में भरकर पुलभट्टा टोल प्लाजा के समीप पप्पू पाठक की कंपनी उत्तरांचल टेरपीन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड तक पहुंचाया जाना था। माल को सुरक्षित पहुंचाने के एवज में आरोपितों को कमीशन मिलना था। पुलिस के मुताबिक आरोपित लीसे के परिवहन से संबंधित कोई वैध रवन्ना, लाइसेंस अथवा बस के आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर चारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह बिष्ट की दाखिला फर्द के आधार पर कोतवाली बाजपुर में मुकदमा संख्या 309 वर्ष 2026 धारा 26 और 52 वन अधिनियम के तहत मनोज सिंह समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में मनोज सिंह निवासी गोड़धड़ा, थाना मुखानी, हल्द्वानी, भवान सिंह निवासी ग्राम देवली, थाना लमगड़ा, जिला अल्मोड़ा, हेमचंद्र महतोलिया निवासी गांधीनगर नंबर दो, बिंदुखत्ता, थाना लालकुआं, जिला नैनीताल तथा पान सिंह निवासी ग्राम जैती, थाना लमगड़ा, जिला अल्मोड़ा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपितों की ओर से कथित रूप से अवैध लीसा दोहन और तस्करी के माध्यम से वन संपदा को नुकसान पहुंचाने के साथ पर्यावरण को भी प्रभावित किया जा रहा था। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल जगत सिंह अधिकारी, कांस्टेबल नवल किशोर, कांस्टेबल कैलाश काला और कांस्टेबल रमेश पांडे शामिल रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## स्वाइन फ्लू का प्रकोप

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सरकार और नागरिकों दोनों के लिए चेतावनी का संकेत है। बीते चौबीस घंटे में यहां 138 नए मामले सामने आए, जिससे कुल प्रभावित लोगों की संख्या 2,446 हो गई है। हालांकि सरकार सतर्क नजर आ रही है और उसकी तैयारियों एवं अधिकारियों की नियमित बैठकों से स्पष्ट है कि स्थिति गंभीर होती जा रही है।मगर सवाल है कि स्वाइन फ्लू के छिटपुट मामले पिछले कुछ वर्षों से सामने आते रहे हैं, लेकिन इस बार ऐसा क्या हुआ कि इस बीमारी से पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है? क्या शुरू में इस बीमारी को गंभीरता से न लेने की वजह से इसका प्रसार इतनी तेजी से हुआ है?जाहिर है कि अगर समय रहते लोगों को सचेत करने के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के तंत्र को अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए तैयार कर दिया गया होता, तो स्थिति को शुरू में ही नियंत्रित किया जा सकता था। अगर अब भी सरकार की ओर से जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त नहीं किया गया, तो जो जटिल स्थितियां पैदा होंगी, उनसे निपटना आसान नहीं होगा।निस्संदेह यह समय सभी के लिए सजग रहने का है, क्योंकि देश के अन्य राज्यों में भी स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली के अस्पतालों में इस बीमारी के लक्षणों वाले रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने स्पष्ट किया है कि कोई नया विषाणु नहीं आया है, यह हर साल आने वाली मौसमी बीमारी है।बावजूद इसके आम नागरिकों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए और चिकित्सकों के परामर्श पर अमल करना चाहिए। स्वच्छता का ध्यान रखने और भीड़भाड़ वाली जगहों से परहेज करने की जरूरत है। शासन-प्रशासन को भी कोरोनाकाल के कटु अनुभवों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली और दूसरे राज्यों के अस्पतालों में दवाइयों एवं चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी, ताकि मरीजों के उपचार में किसी तरह की कमी न रहे। इसके साथ ही आम लोगों को बचाव के उपायों और उचित समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के संबंध में जागरूक करने की भी जरूरत है।

## छः के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा

काशीपुर। विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत चोरी करने के आरोप में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी दीप चन्द्र ने टीम के साथ विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर कुंडेश्वरी एस्कॉर्ट फार्म निवासी अजमेर सिंह पुत्र बलवीर सिंह, खरमासा निवासी महीपाल पुत्र भगवन्त, भट्टा कालोनी निवासी मनोज पुत्र वैद्यनाथ, ढकिया नं. 1 निवासी अशोर कुमार पुत्र देव नन्दन, गुलजारपुर निवासी नरेन्द्र सिंह व प्रभजोत सिंह पुत्र स्व. सुखविन्दर सिंह के घरों में विद्युत मीटर से पहले कट मारकर विद्युत चोरी पकड़ ली। टीम ने मौके से कई मीटर विद्युत केबिल को भी अपने कब्जे में ले लिया। उपखण्ड अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 135 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## खाटू श्याम मंदिर से अग्रवाल भवन तक निकली भव्य कलश यात्रा

रुद्रपुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के पावन अवसर पर श्री अग्रवाल सभा रुद्रपुर (रजि.), अग्रवाल महिला समिति एवं अग्रवाल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारंभ से पूर्व गुरूवर को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अग्रवाल भवन पहुंची। कलश यात्रा में आधी से अधिक बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा महिला समिति की अध्यक्ष उषा अग्रवाल महामंत्री शालिनी गोयल ने कलश यात्रा में शामिल सभी महिलाओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह हम सभी के लिए भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और पुण्य अर्जित करने का पावन अवसर है। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से पूरे सप्ताह सपरिवार



कथा में अवश्य आने तथा अपने परिचितों एवं अन्य परिवारों को भी साथ लाने का आग्रह किया। कथा का आयोजन 27 अगस्त से 2 सितम्बर 2026 तक प्रतिदिन सायं 3:30 बजे से 6:30 बजे तक अग्रवाल भवन में किया जाएगा। कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन से पधारे बाल व्यास पंडित विराज कृष्ण जी महाराज द्वारा संगीतमय रूप से किया जाएगा। कथा के यजमान अशोक मित्तल एवं श्रीमती प्रेमलता मित्तल हैं। कलश यात्रा में श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती दीपिका मित्तल एवं श्रीमती शशि बंसल, जिन्होंने कलश वितरित करके सभी महिलाओं को समान रूप से दिए, श्रीमती शशि गुप्ता, श्रीमती मंजू अग्रवाल, श्रीमती रुचि अग्रवाल, श्रीमती रीना गोयल, श्रीमती प्रींका मित्तल सहित आधी से अधिक बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन एवं कोषाध्यक्ष रणबीर गुप्ता, तथा अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल एवं महामंत्री दीपक मित्तल सहित अग्रवाल सभा, युवा संगठन, महिला समिति एवं समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक ताराचन्द अग्रवाल एवं राजेन्द्र गुप्ता ने सभी समाजबंधुओं से श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार शामिल होकर कथा श्रवण का लाभ लेने एवं पुण्य के भागी बनने का आह्वान किया।

## न्याय रथ से गांवों तक पहुंचेगी विधिक सहायता

नैनीताल (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की जनकल्याणकारी एवं विधिक सेवा योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की ओर से मेगा ड्राइव चरण एक का शुभारंभ किया गया। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत जोशी ने जिला न्यायालय परिसर से न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्राम सौंड के लिए रवाना किया। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत आयोजित इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और पात्र लोगों को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना है। अभियान के तहत पैरालीगल वालंटियर घर घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क करेंगे और पात्र लाभार्थियों की पहचान की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों की कानूनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी लेकर उन्हें



आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ संबंधित मामलों में आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभियान में ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और अन्य लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों को विधिक सेवाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। स्थानीय जरूरतों और ग्रामीणों की समस्याओं के आधार पर संबंधित राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अभियान की नियमित निगरानी भी की जाएगी। मेगा ड्राइव के तहत किए गए कार्यों का दस्तावेजीकरण कर प्रगति रिपोर्ट राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी जाएगी। इस अवसर पर आमजन से अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सिविल जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल, मुख्य विधिक सहायता प्रतिरक्षा अधिवक्ता सोहन तिवारी, उप विधिक सहायता प्रतिरक्षा अधिवक्ता हेमा शर्मा, पैनल अधिवक्ता तारा आर्या, नाजिर धीरज सुयाल, कनिष्ठ सहायक राहुल डंगवाल, अंबिका, यशवंत कुमार, मनोज बलसुनी, अजय बिष्ट, अनीता बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ब्रज महोत्सव में ऑक्सफोर्ड एकेडमी का परचम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। संस्कार भारती की ओर से होटल आर्क में आयोजित ब्रज महोत्सव में द ऑक्सफोर्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें कुल दस विद्यालयों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और लीलाओं पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति, आकर्षक नृत्य शैली और उत्कृष्ट मंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति की निर्णायकों ने सराहना की और विद्यालय को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रदान किया। नृत्य प्रस्तुति को विद्यालय की नृत्य शिक्षिका भूमिका मेहता ने विशेष परिश्रम और कुशल मार्गदर्शन से तैयार कराया। इसमें शिक्षिका मोनिका ऋषि ने



भी महत्वपूर्ण सहयोग किया। वहीं कार्यक्रम में आयोजित कृष्ण बनो प्रतियोगिता में विद्यालय की नर्सरी कक्षा के छात्र श्रेयांश भंडारी ने प्रतिभाग कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी मनमोहक प्रस्तुति और आत्मविश्वास ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय को मिली इस दोहरी उपलब्धि पर प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और कर्मचारीवर्ग ने विजेता विद्यार्थियों तथा दोनों शिक्षिकाओं को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां उनकी प्रतिभा को मंच देने के साथ विद्यालय की पहचान को भी मजबूत करती हैं। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अग्रवाल युवा संगठन की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल युवा संगठन रुद्रपुर द्वारा श्री अग्रवाल सभा भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। जिसमें अमित जिंदल सरपरस्त, प्रवेश गोयल संरक्षक, नितिन अग्रवाल एवं मोहित अग्रवाल उपाध्यक्ष, जितेंद्र अग्रवाल, विनय बंसल एवं हिमांशु जिंदल मंत्री, सूरज अग्रवाल प्रवक्ता तथा मनीष मित्तल एडवोकेट को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं विकास जिंदल एवं सचिन अग्रवाल को निदेशक बनाया गया। इसके अतिरिक्त साकेत अग्रवाल, अंशुल गोयल, गम अग्रवाल, आशीष जैन, मनीष बंसल, अनिकेत जिंदल, पुनीत मित्तल, अरुण बंसल, कुशल अग्रवाल, मुकुल मित्तल, वैभव मित्तल, रवि अग्रवाल, अमित सिंघल, अरुण गोयल एवं राहुल बंसल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में संगठन के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महामंत्री दीपक मित्तल एवं कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन



महामंत्री दीपक मित्तल ने किया।अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने कहा कि कोई भी संगठन मजबूत कार्यकारिणी और समर्पित टीम के बिना सुचारू रूप से कार्य नहीं कर सकता।नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई ऊर्जा एवं नई दिशा मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल युवा संगठन समाज एवं युवाओं के हित में पूरी मजबूती के साथ कार्य करेगा और सभी को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेगा। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




## हाईस्कूल का उच्चीकरण होने पर कैड़ा जताया आभार

भीमताल (उद संवाददाता)।विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा बड़ोंन व कैड़ागाँव कुकना के हाईस्कूलों का उच्चीकरण होने पर ग्रामीणों ने केबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा का आभार व्यक्त किया है। श्री कैड़ा ने बताया कि ग्रामीण वर्षो के स्कूलों का हाईस्कूल से इटर मीडियट मे उच्चीकरण करने की मांग कर रहे रहे थे। यहां के बच्चो को हाई स्कूल के बाद इंटर की शिक्षा के लिए जगलो से रास्तो से अन्यत्र जाना पड़ता था या शिक्षा से बंचित रहना पड़ता था। जिस कारण छात्र छात्राओं को काफी परेशानियो का समना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने उनसे हाईस्कूलों का इंटर मिडियट मे उच्चीकरण करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि वह विद्यालयों के उच्चीकरण करने के लिए लम्बे समय से प्रयासरत थे। मंत्री कैड़ा ने मुख्यमंत्री से स्कूलों का उच्चीकरण करने की मांग की, मंत्री कैड़ा की मांग पर मुख्यमंत्री ने भीमताल विधानसभा के दुरस्त क्षेत्र बड़ोंन व कैड़ागाँव हाईस्कूल का इंटर मिडियट पर उच्चीकरण कर शासनादेश जारी हो गया है! क्षेत्र के लोगो ने मंत्री राम सिंह कैड़ा का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया है। उधर मंत्री कैड़ा ने मुख्यमंत्री धामी व शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है! मंत्री कैड़ा ने कहा उनका प्रयास है शिक्षा के क्षेत्र मे और बेहतर कार्य करू जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## महिलाओं ने सीएम धामी को बांधी राखी

देहरादून (उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी एवं प्रदेश की टीम ने जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री बहनों के साथ प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट के नेतृत्व में सेवा सदन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम के तहत सभी बहनो ने स्नेह से पूर्ण रक्षा सूत्र को पुष्कर सिंह धामी एवं उनकी



धर्मपत्नी गीता धामी के हाथों में बांधा एवं शुभकामनाएं दी की। बहनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि आने वाला 2027 शुभ हो और प्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। मुख्यमंत्री श्री धामी हमेशा आगे बढ़ते रहे एवं महिलाओं के उत्थान के लिए आगे भी योजनाएं बनाते रहे। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को अपने मार्गदर्शन से एवं महिला मोर्चा के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना एवं विश्वासशक्ति से भर दिया। इस दौरान नेहा शर्मा, भूमिका, हिमानी वैष्णव, कंचन उप्रेती, राशि जैन, सुचि तिवारी, विनीता सक्सेना, रेणुका चौधरी व लक्ष्मी आदि उपस्थित रही।

# दंबगों के खिलाफ ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पर प्रदर्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की रात्रि कृष्णा ग्रीन कालोनी में बाईक सवार दबंगों द्वारा युवक को तमंचा दिखाकर उस पर हमला करने से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आज ट्रांजिट कैम्प कोतवाली के समक्ष प्रदर्शन कर दबंगों को गिरफ्तार करने की मांग की और पुलिस को तहरीर सौंपी। स्थानीय निवासियों दिलीप कुमार, नोनी राम राजपुत, महेश, हीरा लाल गंगवार, धान सिहं आदि ने बताया कि आज



मध्य रात्रि लगभग 3:00 बजे कॉलोनी में दो अज्ञात दबंग युवक अपनी मोटर साईकिल से गलियो में घुम रहे थे तथा शटरों मे रॉड डालकर उसे तोडने का प्रयास किया। ऐसा करते हुये दिलीप ने देख लिया और उनको रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने दिलीप पर रॉड फेककर हमला किया व तमन्चा दिखाते हुये भाग गए। शोर शराबे की आवाज सुनकर कॉलोनीवासी बाहर आये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फरार वारंटी लखन धरामी गिरफ्तार

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। वांछित और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना दिनेशपुर पुलिस ने एक और फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारंटी लखन धरामी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर जनपद में वांछित, फरार और पेशेवर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना दिनेशपुर पुलिस ने फरार वारंटियों की तलाश में कार्रवाई करते हुए वारंटी लखन धरामी पुत्र देवेंद्र धरामी, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 06, थाना दिनेशपुर, ऊधमसिंह नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार



लखन धरामी के खिलाफ फौजदारी वाद संख्या 5331/21 तथा एफआईआर संख्या 75/21 में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने लगातार तलाश और सूचना तंत्र के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वांछित और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। ऐसे अपराधियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक लोकेश कुमार और हेड कांस्टेबल 184 कृपाल सिंह शामिल रहे।

# बाजपुर में आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही से हड़कंप

बाजपुर। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र सिंह बिष्ट के निर्देश पर क्षेत्र चार बाजपुर की आबकारी टीम ने गजरौला झाल में दबिश देकर मौके से 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान आबकारी की टीम ने 6 गड्ढों में लगभग 3000 लीटर लहन को नष्ट करते हुए एक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बाजपुर में हुई आबकारी की इस कार्यवाही से कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। कार्यवाही के दौरान टीम में



आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट के अलावा प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कंबोज, आबकारी सिपाही रेनुका बोरा, अर्चना यादव व वंदना आदि शामिल रहे। आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कच्ची शराब व तस्करी के गैरकानूनी शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को तल्ख लहजे में चेतावनी जी की यदि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए तो भविष्य में उनके खिलाफ सख्त कानूनी एक्शन लिया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

**युवा शक्ति उत्तराखंड की ....**समाधान जरूरी है। उन्होंने छात्रों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा भी दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री बच्चों के साथ बेहद सहज नजर आए और उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी बात खुलकर रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान एक विद्यार्थी ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तेजी से नशे की ओर बढ़ रहा है। नशे की गिरफ्त में आने वाले बच्चों और युवाओं के उपचार के लिए बच्चों के लिए अलग नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने की दिशा में सरकार क्या प्रयास कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बच्चों के लिए नशा मुक्ति केंद्र खोलने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि नशे की समस्या का समाधान केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि शुरुआत से ही बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखना सबसे जरूरी है। प्रत्येक विद्यार्थी को संकल्प लेना चाहिए कि वह किसी भी परिस्थिति में नशे के करीब नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई युवा नशे की ओर जाता दिखाई दे तो उसे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर नशे की शुरुआत शौक के तौर पर होती है और धीरे धीरे यह आदत में बदल जाती है। इसके बाद व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है और इससे उसके स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य पर गंभीर असर पड़ता है। इसलिए नशे की शुरुआत में ही उस पर अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि राज्य का प्रत्येक बच्चा स्वयं नशे से दूर रहे और अपने आसपास के अन्य बच्चों तथा युवाओं को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने में विद्यार्थियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में गदरपुर की एक छात्रा ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में एम्स जैसे संस्थानों की संख्या बढ़ाने के संबंध में सवाल किया। इस पर मुख्यमंत्री ने छात्रा को बताया कि किच्छा में एम्स बनकर तैयार हो गया है और जल्द ही इसे शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से पूछा कि कितने बच्चों को जानकारी है कि किच्छा में एम्स बनकर तैयार हो चुका है। इस पर अधिकांश विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर इसकी जानकारी होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों के विस्तार से लोगों को बेहतर उपचार की सुविधा अपने क्षेत्र के नजदीक उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई सवाल रखे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक सवाल को ध्यान से सुना और विद्यार्थियों को विषय से संबंधित जानकारी देते हुए उनके प्रश्नों का जवाब दिया। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा, आत्मविश्वास और सवाल पूछने की शैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं के विचार और उनकी जिज्ञासाएं प्रदेश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि युवाओं को ऐसा वातावरण मिले, जिसमें वे अपनी प्रतिभा और क्षमता का पूरा उपयोग कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने तथा समाज और प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, दर्जा मंत्री रामपाल सिंह समेत कई गणमान्य लोग और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**ठुकराल समेत कई कांग्रेसी...**मौके पर कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। वहां मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। गिरफ्तारी के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विरोध करने नहीं, बल्कि रुद्रपुर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने जा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने से पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। ठुकराल ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल पिछले कुछ समय से महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती नहीं होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए दूसरे अस्पतालों में भेजना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति के कारण मरीजों और उनके परिजनों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लंबे समय से मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू होने की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर और पूरे ऊधमसिंह नगर जिले की जनता को उम्मीद थी कि मेडिकल कॉलेज शुरू होने से क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा, लेकिन अब तक शैक्षणिक गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी और मेडिकल कॉलेज के संचालन में हो रही देरी जैसे महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को लेकर वह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपना चाहते थे। उनका उद्देश्य सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखना था। ठुकराल ने पुलिस कार्रवाई को जनता की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से जनता की समस्याओं को उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जनता की आवाज को जबरन दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। पुलिस द्वारा कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किए जाने के बाद मौके पर मौजूद अन्य कांग्रेसियों ने भी विरोध जताया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए गिरफ्तार किए गए लोगों को वाहनों में बैठाया और वहां से रवाना किया।

**कंपनी का एमडी...**मैनेजर से संपर्क किया था। बातचीत के दौरान उन्हें परियोजना से संबंधित भुगतान तत्काल करने के लिए कहा गया। विश्वास में लेकर अलग अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई गई। इस तरह करीब 3.20 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने साइबर टीम को तकनीकी विश्लेषण के साथ मैनुअल इनपुट जुटाकर आरोपितों की तलाश के निर्देश दिए। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके आधार पर टीम कोलकाता पहुंची। वहां दबिश देकर आरोपित को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान चंद्रकांत मिश्रा निवासी ग्रीन फील्ड सिटी, महेशतल्ला, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है। लैपटॉप की जांच के दौरान विभिन्न कंपनियों और संस्थाओं से संबंधित संपादन योग्य दस्तावेज, बैंक ऋण आवेदन, आधार और पैन कार्ड की प्रतियां समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल फोन और लैपटॉप का फोरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपित से ठगी में उसकी भूमिका, रकम के लेनदेन और साइबर अपराध में शामिल अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**मुख्यमंत्री धामी को देखते...**उत्साह में अपने हाथ मुख्यमंत्री की ओर बढ़ा दिए और उनका अभिवादन करने लगे।अचानक बड़ी संख्या में बच्चों को अपनी ओर हाथ बढ़ाते और खुशी से उत्साहित होते देखकर मुख्यमंत्री धामी भी मुस्कुरा उठे। उन्होंने बच्चों की ओर स्नेह से हाथ बढ़ाया और उनका अभिवादन स्वीकार किया। कुछ पल के लिए स्कूल का माहौल पूरी तरह बच्चों की खुशी और उत्साह से भर गया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चों के चेहरे पर अलग ही चमक दिखाई दे रही थी। बच्चों के इस मासूम उत्साह को देखकर मुख्यमंत्री भी उनके साथ सहजता से घुल-मिल गए। ऐसा लगा मानो औपचारिक कार्यक्रम शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री भी बच्चों के बीच पहुंचकर कुछ पल के लिए खुद बच्चा बन गए हों। बच्चे लगातार मुख्यमंत्री की ओर हाथ बढ़ाकर उनका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भी उनकी भावनाओं का उसी आत्मीयता से जवाब दिया। इस दौरान बच्चों और मुख्यमंत्री के बीच नजर आया यह स्नेहपूर्ण पल वहां मौजूद लोगों के लिए भी खास बन गया। इसके बाद मुख्यमंत्री युवा संवाद कार्यक्रम के लिए आगे बढ़े, लेकिन स्कूल पहुंचने के साथ ही बच्चों के बीच बने ये कुछ पल पूरे कार्यक्रम की खूबसूरत याद बन गए। नन्हे बच्चों की मासूम खुशी और मुख्यमंत्री की सहज मुस्कान ने स्कूल परिसर के माहौल को यादगार बना दिया।

**बनदूक से हवाई...**थाना देवरनिया, बरेली, उत्तर प्रदेश को हथियार और कारतूसों के साथ चौकी लालपुर लेकर पहुंचे। कंपनी के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि गनमैन ने हवाई फायरिंग की थी। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पास एसबीबीएल बंदूक का लाइसेंस है, जो उत्तर प्रदेश राज्य के लिए वैध है। पुलिस के अनुसार लाइसेंसी हथियार का इस्तेमाल करते हुए नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद हथियार और कारतूस कब्जे में लेते हुए मामले में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस के मुताबिक बरामदगी में एसबीबीएल बंदूक गन नंबर 10821 81, एक खोखा कारतूस तथा 12 बोर के चार जिंदा कारतूस शामिल हैं। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में चौकी लालपुर के उपनिरीक्षक बसंत प्रसाद और हेड कांस्टेबल दीपक सिंह शामिल रहे।

**टेलीग्राम टास्क और....** वापस मिलने से युवती को पूरा भरोसा हो गया कि सामने से संपर्क करने वाले लोग वास्तव में किसी कंपनी से जुड़े हैं। इसके बाद जालसाजों ने धीरे धीरे टास्क की रकम बढ़ानी शुरू कर दी। युवती को 50 हजार रुपये का टास्क दिया गया। पीड़िता के अनुसार वह निर्धारित समय में टास्क पूरा नहीं कर सकी तो जालसाजों ने उसकी जमा रकम रोक ली। इसके बाद रकम वापस करने के नाम पर उससे और पैसे जमा कराने का दबाव बनाया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि रकम वापस मिलने की उम्मीद में वह जालसाजों के बताए अलग अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में पैसे भेजती रही। इस तरह वह लगातार साइबर ठगों के जाल में फंसती चली गई। पीड़िता के अनुसार अब तक वह कुल 28 लाख 50 हजार रुपये जालसाजों के बताए खातों और यूपीआई माध्यमों में जमा कर चुकी है। इतनी बड़ी रकम लेने के बाद भी ठगों ने पैसे वापस नहीं किए। उल्टे रकम वापस करने के नाम पर अब उससे 3.20 लाख रुपये और जमा कराने की मांग की जा रही है। लगातार रकम की मांग होने पर युवती को साइबर ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उसने कोतवाली काशीपुर पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पीड़िता ने पुलिस से साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा ठगी गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है ।

**घर में घुसकर...**बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे यहीं का निवासी सुनील उसके मकान में धारदार हथियार लेकर घुस गया और उसकी साली को जान से मारने का प्रयास किया। शोर शराबे की आवाज सुनकर आस पडोस के लोगो द्वारा उसको बचाया गया, वरना उक्त व्यक्ति उसको जान से मार देता। लोगों ने उसे धारदार हथियार और उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 06बीपी 9299 सहित पुलिस को सौंप दिया है।।

**रिश्वत लेने के आरोप...**को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि प्रकरण में दोनों पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

**मुर्गीबाड़े में कैद....**आसपास के लोगों में भी चिंता बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी से लोगों के साथ ही मवेशियों और अन्य पालतू पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना हुआ है। वन विभाग की टीम गुलदार को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रेस्क्यू करने के प्रयास में जुटी रही। समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू अभियान जारी था। गुलदार के पकड़े जाने के बाद ही उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने को लेकर वन विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अंकिता भंडारी के न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच

देहरादून। उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास कूच का आह्वान किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अंकिता के न्याय की मांग वाली राखियां लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें रास्ते में रोक दिया गया।ज्योति रौतेला ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया कि एक ओर मुख्यमंत्री प्रदेश की सभी मातृशक्ति को अपनी बहनें बताते हैं, वहीं दूसरी ओर अंकिता भंडारी समेत अन्य मामलों में महिलाओं को वर्षों बाद भी न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने



सवाल किया, "क्या अंकिता समेत ये सभी बहनें मुख्यमंत्री की बहनें नहीं थीं?" रौतेला ने अंकिता भंडारी मामले में चल रही सीबीआई जांच की प्रगति को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जांच शुरू हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन जनता को यह जानकारी नहीं है कि जांच कहां तक पहुंची और अब तक क्या तथ्य सामने आए हैं।यह मुद्दा हाल के दिनों में फिर गरमाया है। कांग्रेस नेताओं ने भी सीबीआई जांच की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। राज्य सरकार ने जनवरी 2026 में अंकिता के माता-पिता की मांग के बाद मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इससे पहले मामले में एसआईटी जांच हुई थी और निचली अदालत ने तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को राजभाषा गौरव पुरस्कार

**गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, 'अतीत से वर्तमान तक' को द्वितीय पुरस्कार, उत्तराखंड से यह सम्मान पाने वाले एकमात्र व्यक्ति**

नैनीताल। उत्तराखंड के वरिष्ठतम और सर्वाधिक सम्मानित पत्रकारों में शुमार, शिक्षाविद्, शोधकर्ता और सार्वजनिक जीवन की प्रतिष्ठित हस्ती डॉ. गिरीश रंजन तिवारी की पुस्तक 'अतीत से वर्तमान तक: नैनीताल का सफर और गॉथिक राजभवन के निर्माण की अद्भुत गाथा' को भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राजभाषा विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव पुरस्कार-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस उपलब्धि का महत्व इसलिए भी विशेष है कि डॉ. गिरीश रंजन तिवारी उत्तराखंड से इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित होने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा दिया जाने वाला यह सम्मान हिंदी में मौलिक, शोधपरक और उच्च गुणवत्ता वाले लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। ऐसे में डॉ. तिवारी को मिला यह सम्मान उनके व्यक्तिगत साहित्यिक और शोध योगदान के साथ-साथ उत्तराखंड की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान भी है। डॉ. गिरीश रंजन तिवारी उत्तराखंड की पत्रकारिता के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित नामों में गिने जाते हैं। दशकों से पत्रकारिता, शिक्षा, इतिहास, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे डॉ. तिवारी ने पत्रकारिता के साथ अकादमिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे कुमाऊं विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। प्रदेश के बौद्धिक और सार्वजनिक जीवन में उनकी सक्रिय एवं सम्मानित उपस्थिति रही है और उन्हें उत्तराखंड के प्रमुख बुद्धिजीवियों तथा सार्वजनिक व्यक्तित्वों में माना जाता है। इससे पूर्व उन्हें 'उत्तराखंड रत्न' सम्मान से भी अलंकृत किया जा चुका है। डॉ. तिवारी की पुस्तक में नैनीताल के ऐतिहासिक राजभवन, जिसे वर्तमान में लोक भवन के नाम से जाना जाता है, के निर्माण, स्थापत्य और उससे जुड़े ऐतिहासिक-सामाजिक संदर्भों को गहन शोध के साथ प्रस्तुत किया गया है। लगभग 125 वर्ष पुराने इस भवन के निर्माण की कहानी अपने आप में अत्यंत रोचक है और इसके माध्यम से तत्कालीन नैनीताल के सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक परिवेश की भी झलक मिलती है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने जून 2026 में पुस्तक का विमोचन करते हुए इसे उत्तराखंड की विरासत का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया था। उन्होंने कहा था कि यह पुस्तक केवल राजभवन के निर्माण का इतिहास नहीं है, बल्कि नैनीताल की सांस्कृतिक यात्रा, उत्तराखंड की विरासत और उस दौर के सामाजिक परिवेश को भी सामने लाती है। उन्होंने पुस्तक को इतिहास प्रेमियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी बताया था। पुस्तक के शोध में राजभवन के निर्माण से जुड़े कई महत्वपूर्ण और अपेक्षाकृत कम चर्चित तथ्यों को सामने लाया गया है। डॉ. तिवारी के अनुसार ब्रिटिश वास्तुकारों की डिजाइन पर तैयार इस भव्य भवन को वास्तविक स्वरूप देने में भारतीय शिल्पकारों और मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। विशेष रूप से पंजाब के रामगढ़िया सिख कारीगरों के योगदान का उल्लेख पुस्तक में किया गया है। राजभवन की स्थापत्य शैली को लेकर भी पुस्तक एक रोचक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इसमें बताया गया है कि नैनीताल के राजभवन की वास्तुकला इंग्लैंड के बकिंघम पैलेस की तुलना में स्कॉटलैंड के बालमोरल पैलेस से अधिक साम्य रखती है। डॉ. तिवारी की यह कृति केवल ऐतिहासिक घटनाओं और स्थापत्य का विवरण नहीं है, बल्कि उत्तराखंड की ऐतिहासिक स्मृति को संरक्षित करने का गंभीर प्रयास भी है। नैनीताल जैसे ऐतिहासिक नगर की इमारतों, संस्थाओं, सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक विकास की कहानी को हिंदी में शोधपरक ढंग से सामने लाकर पुस्तक इतिहास को नई पीढ़ी से जोड़ने का काम करती है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर राज्यपाल ने भी कहा था कि ऐतिहासिक धरोहरों की कहानियां केवल सरकारी अभिलेखों और पुरानी फाइलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें समाज और विशेषकर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए।






## राष्ट्रीय सम्मान से बढ़ा उत्तराखंड का गौरव

नैनीताल। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा दिए जाने वाले राजभाषा गौरव पुरस्कार-2025 में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करना डॉ. गिरीश रंजन तिवारी के लंबे पत्रकारिता, अध्यापन और शोध जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही, उत्तराखंड से इस सम्मान के लिए चुने गए एकमात्र व्यक्ति होने के कारण यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। 'अतीत से वर्तमान तक' अब केवल नैनीताल के इतिहास पर आधारित पुस्तक नहीं रह गई है, बल्कि हिंदी भाषा में उत्तराखंड की विरासत को प्रामाणिक, शोधपरक और प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने वाली राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कृति बन गई है। यह सम्मान उस समृद्ध बौद्धिक, पत्रकारिता और सांस्कृतिक परंपरा की भी स्वीकृति है, जिसका डॉ. तिवारी दशकों से प्रतिनिधित्व करते आए हैं।

# एस.आई.आर. में फार्म 7 के दुरूपयोग की शिकायत पर 6 जिलाधिकारियों को कार्यवाही के दिए आदेश

काशीपुर। उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा फार्म 7 के दुरूपयोग करके मिथ्या फर्जी व बेनामी आपत्तियां लगाने की सूचना अधिकार व मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट द्वारा की गयी शिकायत व सुझाव को संज्ञान में लेकर इसका परीक्षण कर प्रभावी कार्यवाही को 6 जिलों के जिलाधिकारियों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके साथ श्री नदीम द्वारा भेजी शिकायत व सुझाव सम्बन्धी पत्र की प्रति भी संलग्न की गयी है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार व मानवाधिकार कार्यकर्ता, समाज सेवी तथा 45 कानूनी पुस्तकों के लेखक नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने एस.आइ.आर.2026 में फार्म 7 का दुरूपयोग करके गलत मिथ्या फर्जी व बेनामी आपत्तियां की प्रवृत्ति व घटनाओं को रोकने के लिये शिकायत व सुझाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड को भेजकर इस पर प्रभावी कार्यवाही का अनुरोध किया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखंड के उपमुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड किशन सिंह नेगी ने उत्तराखंड में अधिक संख्या में आपत्तियों वाले 6 जिलों के जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को संबोधित पत्र संख्या 1416 दिनांक 20 अगस्त 2026 भेजकर श्री नदीम के पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं का परीक्षण कर सम्बन्धित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दावे/आपत्तियों की प्राप्ति एवं निस्तारण के कार्य में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 तथा मैनुअल ऑफ इलैक्टोरल रोल्स 2023 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया तथा आयोग द्वारा तद विषयक समय-समय पर जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित करने का निर्देश दिया गया है। इस पत्र की प्रति श्री नदीम को भी प्रेषित की गयी है। जिन जिलों के जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को उक्त पत्र भेजा गया है उसमें हरिद्वार, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल तथा उधमसिंह नगर शामिल है। श्री नदीम ने उनके पत्र का संज्ञान लेकर कार्यवाही को निर्देशित करने के लिये मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी.वी.आर. पुरूषोत्तम तथा उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया हैं तथा आशा व्यक्त की हैं जिलो के सम्बन्धित अधिकारीगण उस पर कार्यवाही करके सभी पात्र नागरिकों के मताधिकार के संवैधानिक अधिकार का संरक्षण सुनिश्चित करेंगे। श्री नदीम ने दिनांक 18 अगस्त 2026 को प्रेषित शिकायत व सुझाव में आपत्तिकर्ता से पुष्टि न होने वाली आपत्तियां निरस्त करने, पुष्टि वाली आपत्तियों की जांच में आपत्तिकर्ता से साक्ष्य मांगकर तथा जिस पर आपत्ति लगायी गयी है, उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर देकर निर्णय लेने तथा फर्जी तथा बेनामी आपत्तियां लगाने वालों के विरूद्ध फौजदारी मुकदमें दर्ज कराने सहित प्रभावी कार्यवाही का अनुरोध किया है। श्री नदीम ने इस शिकायत व सुझाव में उन अपराधों का विवरण भी दिया है जो ऐसे फर्जी व बेनामी तथा गलत आपत्तियां लगाने वालों के द्वारा किये गये है। इसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31, आई.टी.एक्ट की धारा 66 सी, 66डी, भारतीय न्याय संहिता की धारा 61, 217, 221, 196(1), 229(2) तथा 336(4) के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध शामिल है।

# खानपुर पश्चिम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

गदरपुर। एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स एवं पंख के सहयोग से 25 अगस्त को गदरपुर ब्लॉक के ग्राम खानपुर पश्चिम में नाक, कान एवं गला (ईएनटी) रोगों से संबंधित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुभाष यादव (एमएस, ईएनटी) ने 200 से अधिक मरीजों की जांच की। चिकित्सक ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी सलाह दी। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। आयोजकों ने बताया कि शिविर में उपलब्ध सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराना तथा नाक, कान और गले से संबंधित रोगों के प्रति जागरूक करना था। निःशुल्क जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श मिलने से ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की।



# होटल स्वामी को हिरासत में लेने पर चौकी में काटा हंगामा

**विरोध के चलते पुलिस ने होटल स्वामी संजीव गुप्ता को छोड़ा,अनैतिक गतिविधियों की शिकायत पर हो रही थी पूछताछ**





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में होटल में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत के बाद पुलिस और एएचटीयू की टीम ने क्षेत्र में चैंकिंग अभियान चलाकर अपना होटल स्वामी व लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप के अध्यक्ष संजय गुप्ता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समर्थकों के साथ आवास विकास चौकी पहुंच गए और उन्होंने इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इतना ही नहीं दर्जा राज्य मंत्री व पूर्व मेयर रामपाल सिंह और भाजपा नेता अनिल चौहान भी आवास विकास चौकी आ पहुंचे। जहां घंटों चली वार्ता के बाद संजीव गुप्ता को छोड़ दिया गया। साथ ही आज शुक्रवार को पुनः पूछताछ करने के लिए बुलाया है। बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में होटल में अनियमितता की शिकायत के बाद लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता को पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए आवास विकास चौकी लाए जाने की सूचना पर राजनीतिक माहौल गरमा गया। व्यापारी नेता के समर्थन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं पूर्व मेयर रामपाल सिंह और भाजपा नेता अनिल चौहान भी आवास विकास चौकी पहुंच गए। नेताओं ने पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली और कार्रवाई के संबंध में पूछताछ की। संजीव गुप्ता को चौकी लाए जाने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी चौकी पहुंच गए। शाम करीब 7:30 बजे से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समर्थकों के साथ चौकी के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। धरना देर रात करीब 11 बजे तक जारी रहा। पूर्व विधायक ठुकराल ने आरोप लगाया कि व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता को बिना किसी पूर्व नोटिस के चौकी लाया गया है। उन्होंने कहा कि गुप्ता समाजसेवी हैं और उनके होटल में आवश्यक नियम-कानून, सीसीटीवी समेत अन्य औपचारिकताएं पूरी हैं। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी मामले में पूछताछ करनी थी तो नियमानुसार नोटिस देकर भी जानकारी ली जा सकती थी। ठुकराल ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के पीछे राजनीतिक द्वेष की भावना हो सकती है। धरने में मौजूद समर्थकों ने भी पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना था कि व्यापारी नेता को पूर्व विधायक का समर्थन करने के कारण परेशान किया जा रहा है। इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं पूर्व मेयर रामपाल सिंह और भाजपा नेता अनिल चौहान ने भी चौकी पहुंचकर व्यापारी नेता के मामले की जानकारी ली। दोनों नेताओं ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की बात कही। काफी देर तक चली वार्ता के बाद पुलिस ने संजीव गुप्ता को उस समय छोड़ दिया। साथ ही आज गुरूवार को पुनः चौकी में पूछताछ के लिए बुलाया है। धरने में संजय ठुकराल, विजय बाजपेई, आनंद शर्मा, कुलदीप गंगवार, ललित बिष्ट, हरपाल गंगवार, जगमोहन और सोनू सक्सेना समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## होटल में पुलिस ने की छापेमारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नाबालिगों को होटल में लाकर कथित रूप से अनैतिक गतिविधियां कराए जाने की शिकायत पर कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस और मानव तस्करी निरोधक इकाई की संयुक्त टीम ने अपना होटल सहित आसपास के प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान होटल में कुछ अनियमितताएं मिलने पर पुलिस ने होटल संचालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग, आने जाने वाले लोगों के प्रवेश और निकास रजिस्टर समेत अन्य आवश्यक अभिलेख कब्जे में ले लिए हैं। पुलिस के अनुसार 15 अगस्त को डायल 112 पर सूचना मिली थी कि हनुमान मंदिर के पास स्थित अपना होटल और आसपास के कुछ अन्य होटलों में नाबालिगों को लाकर अनैतिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस और ऊधमसिंह नगर की मानव तस्करी निरोधक इकाई की संयुक्त टीम ने तत्काल संबंधित क्षेत्र में होटल और रेस्तरां समेत अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान अपना होटल में कुछ अनियमितताएं सामने आने पर पुलिस ने होटल संचालक संजीव गुप्ता निवासी ट्रांजिट कैंप से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार होटल संचालक मौके पर जांच टीम को संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग, होटल में आने जाने वाले व्यक्तियों के प्रवेश और निकास रजिस्टर तथा अन्य आवश्यक अभिलेख कब्जे में ले लिए। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नाबालिगों के साथ किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि अथवा ऐसे कृत्यों में सहयोग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता पाए जाने पर उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।